News item/letter/article/editorial published on 2.7.16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi) ✓
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

उत्तराखंड में बादलफाड़ तबाही : 35 मरे

सुनील/संजय तलवाड़/
देहरादून/ पिथौरागढ़

पंजाब-2-7-16

उत्तराखंड राज्य में एक बार फिर आसमान से आफत बरसी है। अत्यधिक बरसात ने कई जिलों में कोहराम मचा दिया है। सबसे ज्यादा नुक्सान पिथौरागढ़ में होने की खबर मिली है। उत्तराखंड राज्य में अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 28 लोग लापता बताए गये हैं। दर्जनों घर जमींदोज हो गए हैं। डीडीहाट में मलबे में दबने से 9 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 23 लोग अभी भी मलबे में दबे हुए हैं। वहीं चमोली में बादल फटने के बाद अलकनंदा, मंदाकिनी, सरयू समेत करीब 10 नदियां खतरे

प्रकृति का कहर

पिथौरागढ़, चमोली और चम्पावत में दर्जनों घर जमींदोज, मलबे में दबे हैं 30 लोग

के निशान से ऊपर बह रही हैं।

पिथौरागढ़ जिले के डीडीहाट और थल तहसील क्षेत्र में बादल फटा है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान बस्तड़ी क्षेत्र में हुआ। यहां पहाड़ी से आये मलबे में कई लोग दब गये। पुलिस ने बचाव व राहत कार्य शुरू कर दिया है। यहां संचार सेवा पूर्ण रूप से ठप्प हो गयी है। वहीं ओगला-सिंगाली-भागिचौरा मार्ग

उत्तराखंड में बादल फटने से पानी का तेज बहाव।

दो स्थानों पर चालीस मीटर बह चुका है। टोपराधार दाफिला में दो मकान ध्वस्त होने से तीन जानवर मलबे में दबकर मर गये। यहां थल और मुवानी के बीच मार्ग में मलबा

▸ शेष पृष्ठ 14 पर

उत्तराखंड में...

आने से मार्ग मलबे से पट चुका है। जौलजीबी से बरम के बीच खन्यैरा के पास नाले के उफान पर आने से दो पुल बह गये। पिथौरागढ़ में जिन 9 लोगों की मौत हुई है, उनमें बच्चीराम, मनोज कुमार व पार्वती देवी (सभी निवासी कुमालगौनी गांव), गिरीश चंद्र, माधवानंद, रेवाधर, जहद सिंह व चंद्र बल्लभ (सभी निवासी बस्तड़ी गांव) हैं, जबकि एक अन्य मृतक की शिनाख्त की जा रही है। वहीं चमोली में बादल फटने से घाट, पिपलकोटी, फर्स्वाणफाट, चमोली, कोटियाल सैण सहित कई इलाकों में भारी नुक्सान हुआ है। जोरदार वर्षा होने से अलकनंदा, मंदाकिनी उफान पर चल रही हैं। वहीं कर्णप्रयाग संगम में पानी बढ़ चुका है। अनेक संपर्क मार्ग पूरी तरह से बंद हो गये हैं।

गोपेश्वर से जगदीश के अनुसार चमोली जनपद में आसमान से आपदा सुबह 5 बजे से बरसनी शुरू हुई। मूसलधार वर्षा और पहाड़ियां खिसकनी शुरू हो गईं। अचानक आई भयंकर वर्षा और भूस्खलन से अफरा-तफरी मच गई। घाट विकास

पंजाब-2-7-16

उत्तराखंड में जलजला

आपदा के बाद बस्तड़ी गांव में हर जगह नजर आ रहा था पानी ही पानी, बादल फटने से सब कुछ बर्बाद हुआ

गांव वालों पर सुबह- सवेरे झपटी मौत



तबाही के निशां

कनालीछीना | हमारे संवाददाता

आपदा के बाद बस्तड़ी में हर जगह पानी ही पानी नजर आ रहा है। एक अजीब से खामोशी के बीच जमीन में बहता पानी लोगों के दुःख का कारण बना हुआ है।

इस पूरे क्षेत्र में लोगों ने इतना पानी पहले कभी नहीं देखा। अब पूरे क्षेत्र में इतना पानी बह रहा है कि लोगों के लिए राह चलना भी कठिन हो गया है। क्षेत्र के 70 साल के बुजुर्ग मोहन राम ने बहते आंखों की आसुंओं की धार पोछते हुए कहा कि यही देखने देखने को बची थी क्या मेरी सांसें।

दूसरे ही पल तबाही से सब कुछ बर्बाद हो गए गांव की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कहा इस आपदा ने हमार सब कुछ छीना लिया। 60 साल की रमुली आमा भी बेहद स्तब्ध हैं। उनकी आंखों से आसुंओं की धार बह रही है, बस..।

किसी तरह स्वयं को संभालती आमा ने मुंह से लंबी खामोशी के बाद एक शब्द निकला तो कहा अब कहने को बचा क्या है। भगवान ने किस बात की सजा दी यह तो पता नहीं, लेकिन गांव के लोगों ने हमेशा यहां के जंगलों की बच्चों जैसे रक्षा की। इस गांव का हर कोई शुक्रवार की मनहूस सुबह के बाद स्तब्ध है, न कहने को उनके पास अपने शब्द हैं, और न ही बोलने की जुबां हिम्मत। आसुंओं की धार उनके मन की व्यथा को प्रकट कर रही है।

पिथौरागढ़ में शुक्रवार को भूस्खलन से क्षतिग्रस्त मकान। • हिन्दुस्तान

उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में बादल फटने और भारी बारिश के कारण हुई मौतों पर मैं दुखी हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा, इस घटना में घायलों के साथ मेरी प्रार्थनाएं। मैं उम्मीद करता हूं कि बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द सामान्य स्थिति लौटेगी। **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

यह बड़ी दुख की बात है कि आकस्मिक बाढ़ से कई लोगों की जान चली गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कई लोगा लापता हैं जो गंभीर निराशा का विषय है। लापता लोगों के रिश्तेदारों को उम्मीद नहीं छोड़ी चाहिए और हम प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। **सोनिया गांधी**, कांग्रेस अध्यक्ष

गोरी, काली व सरयू नदी ने लिया रौद्र रूप

पिथौरागढ़। जनपद में पिछले 24 घंटे में हुई आफत की बारिश के बाद सभी प्रमुख नदियां ऊफना गई हैं। सभी नदियों का जल स्तर खतरे के निशान को छूने को बेताब है। जिससे नदी किनारे रह रहे लोगों में खौफ है। शुक्रवार को जनपद में हुई भारी बारिश के बाद काली, गोरी व धौली नदी के जल स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। नदियों के जल स्तर में हुई वृद्धि के बाद लोग बुरी तरह से घबराए हुए हैं। काली नदीके तेज बहाव के बाद जौलजीबी में लोग डरे हुए हैं। गोरी नदी ने मदकोट के लोगों को बुरी तरह से डराया हुआ है।

नदी में फंसे आठ लोग बचाए

सोते हुए लोगों पर टूटी आफ

गांव का हर रही है।

जल्द से जल्द सामान्य स्थिति लौटेगी। नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री | साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष | हुआ है।

नदी में फंसे आठ लोग बचाए

देहरादून | वरिष्ठ संवाददाता

घाट ब्लाक में मंदाकिनी नदी से घिरे टापू पर फंसे आठ लोगों को राजस्व और रेगुलर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर सुरक्षित निकाल लिया।

एसपी प्रीति प्रियदर्शनी ने बताया कि पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें आपदा वाले क्षेत्रों में राहत कार्यों में जुटी हैं।

घाट-दशोली में बरसी आपदाः तेज बारिश के बीच गुरुवार रात मंदाकिनी नदी ने खतरे के निशान के ऊपर बहते हुए घाट इलाके की ओर रुख कर लिया। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे घाट क्षेत्र में 80 साल के रामचंद्र और उनका पोता योगेश्वर प्रसाद बारिश तेज होने पर घर से बाहर किसी सुरक्षित जगह की ओर जाने लगे। तभी भूस्खलन की चपेट में आकर मलबे में दब गए।

उठाने से यहां रह ... जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

सोते हुए लोगों पर टूटी आफत

कुमाऊं | हिटी

पिथौरागढ़ के नौलड़ा गांव में गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे बादल फटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। आपदा में बची राम पुत्र नारायण राम, उनकी पत्नी पार्वती देवी, पुत्र मनोज कुमार की मलबे में दबने से मौत हो गई। बची राम के बेटे कमलेश (16), ललित (14) और नीरू (11) ने किसी तरह जान बचाई। प्रशासन का कहना है कि टीमें मलबे से शव बाहर निकालने में जुटी हैं।वहीं कनालीछीना स्थित चर्मा मंदिर में बादल फटने से आए मलबेमें दबकर एक संन्यासी की मौत हो गई। लोगों ने किसी तरह उनका शव बाहर निकाला।

सेना और आईटीबीपी बने देवदूत : करीब सवा चार बजे सुबह बस्तड़ी में बादल फटने से तीन मकान जमींदोज हो गए। आपदा के तीन घंटे से भी अधिक समय बाद आईटीबीपी मिर्थी और सेना के जवानों ने छह लोगों को मलबे से सुरक्षित निकाल लिया। ये लोग मकान के मलबे के साथ बह गए थे। गंभीर रूप से घायल इन छह लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीडीहाट पहुंचाया गया। धारचूला मोटर मार्ग के बंद होने से बचाव राहत में खासी दिक्कतें आ रही हैं।

बागेश्वर में बिजली गिरी, एक की मौत

बागेश्वर। गरुड़ तहसील के अमस्यारी गांव में ख्याली दत्त जोशी (62) सुबह किसी से मोबाइल पर बात करने लगे। बाहर बारिश हो रही थी। इस दौरान बिजली कड़की और जोशी मोबाइल के साथ ही जमीन पर गिर गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

से ... खा... अ... थी ... कर...

आपदा

बादल फटना मतलब छोटे दायरे में भारी बारिश

बादल फटना जिसे अंग्रेजी में क्लाउडब्रस्ट कहते हैं, एक छोटे से दायरे में काफी बड़ी मात्रा में अचानक बारिश होना है। ऐसा तब होता है जब वातावरण में दबाव बेहद कम हो जाता है। आमतौर पर बादल अचानक एक दूसरे से या फिर किसी पहाड़ी से टकराते हैं, तब अचानक भारी मात्रा में पानी बरसता है। यह प्रक्रिया ज्यादा ऊंचाई पर नही होती। इसमें 100 मिलीमीटर प्रति घंटा या उससे भी तेज रफ्तार से बारिश होती है जिससे बाढ़ जैसा मंजर दिखने लगता है। भारी नमी से लदी हवा अपने रास्ते में जब पहाड़ियों से टकराती है तो बादल फटने की घटना होती है। हिमालय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि वहां ऐसी घटनाएं ज्यादा देखने को मिलती हैं।

तेज आंधी के साथ बारिश

बादल फटने के दौरान आमतौर पर गरज और बिजली चमकने के साथ तेज आंधी के साथ भारी बारिश होती है। एक साथ भारी मात्रा में पानी गिरने से धरती उसे सोख नहीं पाती और बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है और चारों तरफ तबाही मच जाती है। बीच में यदि हवा बंद हो जाए तो बारिश का समूचा पानी एक छोटे इलाके में एकाएक जमा होकर फैलने लगता है।

पहाड़ों पर ज्यादा घटनाएं

बादल फटने की अधिकतर आपदाएं पहाड़ी क्षेत्रों में ही होती हैं। जैसे की हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर आदि।

02 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश चंद मिनटों में ही हो जाती है बादल फटने पर। जिस कारण से भारी तबाही मचती है।

2500 से 4000 मीटर की ऊंचाई पर बादल फटने की घटना आमतौर पर होती है।



आफत

29 मई 2016 को उत्तराखंड में बादल फटा, 4 लोगों की मौत

11 मई 2016 में शिमला के पास सुन्नी में बादल फटा, भारी तबाही

08 अगस्त 2015 मंडी में बादल फटा, 5 लोगों की मौत

चमोली जिले के घाट में बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया।

कभी-कभी मैदानी इलाकों में भी

2005 में 26 जुलाई को मुंबई में गर्म हवा से टकराने से हुई थी बादल फटने की घटना, आमतौर पर मैदानी क्षेत्रों में ऐसी घटनाएं कम देखने को मिलती हैं।

दो-दो लाख का मुआवजा

मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पिथौरागढ़ और चमोली जिले में आपदा में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख राहत राशि देने की घोषणा की है।

News item/letter/article/editorial published on 3.7.16 in the

Hindustan Times	Nav Bharat Times (Hindi)	M.P.Chronicle
Statesman	Punjab Keshari (Hindi)	A a j (Hindi)
The Times of India (N.D.)	The Hindu	Indian Nation
Indian Express	Rajasthan Patrika (Hindi)	Nai Duniya (Hindi)
Tribune	Deccan Chronicle	The Times of India (A)
Hindustan (Hindi) ✓	Deccan Herald	Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

अधिकतम पारा सात डिग्री लुढ़का

दि-3-7-16

राहत

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

राजधानी में मानसून ने दस्तक दे दी है। शनिवार को मौसम विभाग ने इसकी घोषणा कर दी। पिछले 24 घंटे में दिल्ली में 23.6 मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम में इस बदलाव से शनिवार को अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह सामान्य से सात डिग्री कम है।

अधिकतम पारे के साथ ही न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। यह 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। हवा में आर्द्रता का अधिकतम स्तर 97 प्रतिशत तक पहुंच गया।

बादल छाए रहेंगे : मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार रविवार को भी आसमान में बादल छाए रहेंगे। दिल्ली व आसपास के कई इलाकों में रुक - रुक कर बारिश दर्ज की जाएगी। मौसम वैज्ञानिक रविंद्र विसेन ने बताया कि पिछले 24 घंटे में दिल्ली में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। सोमवार तक रुक -रुक कर बारिश होगी।

छह साल का रिकॉर्ड टूटा

वर्ष	तापमान (डिग्री सेल्सियस में)
2016	30.2
2015	38
2014	35
2013	39
2012	43
2011	36
2010	39

(नोट : अधिकतम तापमान के ये आंकड़े 2 जुलाई के आधार पर दिए गए हैं)

कहां-कितना बारिश

इलाके	बारिश (मिलीमीटर में)
लोधी रोड	19.6
पीतमपुरा	19.0
आयानगर	18.7
रिज	12.0
पूसा	10.0
नजफगढ़	9.0

नोट : शनिवार को हुई बारिश के आंकड़े

News item/letter/article/editorial published on 2.7.16 in the

Hindustan Times	Nav Bharat Times (Hindi)	M.P.Chronicle
Statesman	Punjab Keshari (Hindi)	A a j (Hindi)
The Times of India (N.D.)	The Hindu	Indian Nation
Indian Express	Rajasthan Patrika (Hindi) ✓	Nai Duniya (Hindi)
Tribune	Deccan Chronicle	The Times of India (A)
Hindustan (Hindi)	Deccan Herald	Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

शबाब पर चित्रकोट

जगदलपुर ● पत्रिका. मानसून की पहली बारिश से चित्रकोट जलप्रपात पूरे शबाब पर है। जलप्रपात को देखने पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। चित्रकोट जलप्रपात राज्य के पर्यटन मानचित्र में अहम जगह बनाए हुए है। इस जलप्रपात को देखने साल भर सैलानी पहुंचते हैं।

फोटो : [illegible]

पत्रिका-2-7-16

News item/letter/article/editorial published on 2.7.16 in the

Hindustan Times	Nav Bharat Times (Hindi)	M.P.Chronicle
Statesman	Punjab Keshari (Hindi)	Aaj (Hindi)
The Times of India (N.D.)	The Hindu	Indian Nation
Indian Express	Rajasthan Patrika (Hindi)	Nai Duniya (Hindi)
Tribune	Deccan Chronicle	The Times of India (A)
Hindustan (Hindi) ✓	Deccan Herald	Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

अगले 48 घंटे जबरदस्त बारिश

हि - 2-7-16

देहरादून | वरिष्ठ संवाददाता

दो दिन बरती जाए एहतियात

मौसम विभाग ने पहाड़ में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही मैदानी इलाकों को लेकर भी चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने इन दो दिन में जरूरी एहतियात बरतने के लिए कहा है।

मौसम विभाग ने उत्तराखंड में अगले 48 घंटों के दौरान भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जबकि राज्य के आठ जिले नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, चंपावत, अल्मोड़ा, पौड़ी, टिहरी, हरिद्वार और देहरादून में भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

राज्य मौसम केंद्र निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि राज्य के आठ जिलों के लिए अगले 48 घंटे काफी संवेदनशील हो सकते हैं। चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ में भी इस दौरान भारी बारिश होगी। मौसम विभाग ने गुरुवार को बारिश को लेकर जो चेतावनी जारी की थी, उसे अगले 48 घंटे के लिए फिर से दोहराया है। मालूम हो कि शुक्रवार को भी राज्य के तकरीबन सभी जिलों में भारी बारिश हुई। हेमकुंड साहिब समेत चारधाम रूट पर भी आज और कल मूसलाधार बारिश संभव है।

अरुणाचल में भूस्खलन में सात मरे, कई लापता

नई दिल्ली\ईटानगर | एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश में लगातार बारिश से पश्चिमी कामेंग जिले में शुक्रवार को भूस्खलन से दो महिलाओं और एक किशोर सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य के फंसे होने की आशंका है।

वहीं, राज्य के भालुकपोंग में भूस्खलन और बारिश से खुफिया विभाग के पांच कर्मचारियों के लापता होने की सूचना मिली है। पश्चिमी कामेंग में भूस्खलन तब हुआ, जब ओल्ड इंस्पेक्शन बंगला के पास स्थित एक टीला धंस गया और कई मकान जमींदोज हो गए। पांच शव मलबे से बरामद किए गए हैं, जबकि पांच अन्य के इसमें दबे होने की आशंका है।

भालुकपोंग में आईबी का एक मकान शुक्रवार को भूस्खलन की चपेट में आ गया। प्राकृतिक आपदा के कारण क्षेत्र से दो लोगों के मरने की भी सूचना है। उन्होंने कहा कि भारत-तिब्बत सीमा बल के 30 सदस्यों की टीम प्रभावित क्षेत्र में पहुंच गई है ।

उत्तराखंड में 51 गांव मौत के मुहाने पर

हल्द्वानी | जहांगीर राजू

साल 2013 में आपदा के बाद शासन ने उत्तराखंड के 650 गांवों को आपदाग्रस्त घोषित किया था। मगर अब तक सुरक्षा और विस्थापन की पुख्ता योजना नहीं होने से इन गांवों में आपदा का कहर लगातार टूट रहा है। नौबत यहां तक है कि राज्य के 51 गांवों के बाशिंदे मौत के मुहाने पर जिंदगी काट रहे हैं, लेकिन उनके विस्थापन के लिए सरकार और अफसर आज तक कोई योजना धरातल पर नहीं उतार पाए हैं। ऐसे में बारिश के अगले तीन महीने उन पर कैसे गुजरेंगी, यह चिंता उन्हें रात दिन खाए जा रही है।

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से भू-गभीय सर्वे के लिए भूतत्व और खनिकर्म विभाग को राज्य के 74 अतिसंवेदनशील गांवों की सूची भेजी गई थी। इसमें अबतक 67 गांवों का सर्वे पूरा कर शासन को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है।

राज्य में भूगर्भीय सर्वे के बाद 67 गांवों की रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। इसमें 51 गांव विस्थापन की दृष्टि से बेहद संवेदनशील करार दिए गए हैं। इन गांवों का विस्थापन बेहद जरूरी है। **-जीडी प्रसाद,** उपनिदेशक, जियोलॉजी एंड माइनिंग विभाग, उत्तराखंड

पिथौरागढ़ जिले के 21 गांव विस्थापन की दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। इनमें छह का सर्वे कर शासन को रिपोर्ट भेजी है। इसमें वहां के लोगों के विस्थापन की जरूरत बताई गई है।
-लेख राज, सहायक भूवैज्ञानिक, भूतत्व एवं खनिकर्म

सर्वे के मुताबिक राज्य में इस वक्त 51 ऐसे गांव हैं, जो विस्थापन की दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। इनमें रह रहे लोगों का विस्थापन बेहद जरूरी है, लेकिन शासन स्तर से कोई कदम नहीं उठाने से यहां रह रहे लोग जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

Covering L.. YIS

News item/letter/article/editorial published on 3.7.16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

। संडे नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 3 जुलाई 2016

अब जमकर बरसेंगे बादल

दिल्ली में आ गया मॉनसून

10 दिन लगातार होगी बारिश!

Yogesh Kumar

दिल्ली में मॉनसून ने दस्तक दे दी है। अब मॉनसून के बादल अगले दस दिनों तक दिल्ली में बरसते रहेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक दस दिनों तक लगातार बारिश होने की संभावना है। साथ ही उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी और तापमान भी नॉर्मल से कम रहेगा। पिछले साल के मुकाबले इस बार तीन दिन पहले मॉनसून आ गया है। पिछली बार 5 जुलाई को मॉनसून आया था।

30 डिग्री सेल्सियस तक गिरा मैक्सिमम टेंपरेचर

कुछ दिनों तक बना रहेगा ऐसा ही मौसम

■ नगर संवाददाता, नई दिल्ली

मॉनसून आने के साथ दिल्ली में मौसम सुहाना हो गया और उमस से भी राहत मिल गई। अगले दस दिनों तक राजधानी में बारिश वाला मौसम बना रहेगा।

नैशनल वेदर फॉरकॉस्टिंग सेंटर के हेड बीपी यादव ने बताया कि दिल्ली और आसपास के इलाकों समेत अगले कुछ दिन तक बारिश होती रहेगी। इससे उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी और कई जगहों पर अच्छी बारिश होने की संभावना है। स्काइमेट के मौसम वैज्ञानिक महेश पलावत ने कहा कि दिल्ली में मॉनसून पिछले साल से जल्दी आया है। पिछली बार 5 जुलाई को मॉनसून आया था। वैसे इसके आने की तय डेट 29 जून है।

मौसम विभाग के मुताबिक आज संडे को भी दिनभर बादल छाए रह सकते हैं। आंधी के साथ बारिश होने की उम्मीद है। मैक्सिमम टेंपरेचर 30 डिग्री और मिनिमम टेंपरेचर 24 डिग्री रहने का अनुमान है। शनिवार को दिनभर बादल छाए रहे और कई जगहों पर हल्की बारिश भी हुई। दिन भर हवा चली और मौसम सुहावना रहा। बीते कुछ दिनों से उमस भरी गर्मी से राहत मिली। शनिवार को मैक्सिमम टेंपरेचर नॉर्मल से सात डिग्री कम के साथ 30.2 डिग्री पर दर्ज हुआ। मिनिमम टेंपरेचर नॉर्मल से तीन डिग्री कम के साथ 24.4 डिग्री दर्ज हुआ। हवा में अधिकतम ह्यूमिडिटी 97 पर्सेंट दर्ज हुई। हालांकि हवाएं चलने और तापमान 30 डिग्री तक गिरने से उमस महसूस नहीं हुई।

आने वाले दिनों में ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। शनिवार को शाम 5:30 बजे तक जाफरपुर में 2 मिमी, पीतमपुरा में 1 मिमी और आयानगर में 0.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। सफदरजंग में सुबह 8:30 बजे तक 23.6 मिमी बारिश दर्ज हुई।

भारी बारिश के कारण बदरीनाथ हाईवे दूसरे दिन भी बंद, केदारघाटी में मौसम खराब होने की वजह से हेलीकॉप्ट

बारिश में रास्ते बहे, चारधाम यात्रा ठप

हि-3-7-16

आफत की बारिश

गोपेश्वर/देहरादून | हिटी

बदरीनाथ हाईवे लगातार दूसरे दिन बंद रहा। हेमकुंड और बदरीनाथ आने-जाने वाले करीब तीन हजार से अधिक यात्री बीच में ही फंसे हुए हैं। चमोली में सिख तीर्थयात्रियों ने दूसरे दिन भी हाईवे नहीं खोलने पर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

रास्ता बहने से बदरीनाथ हाईवे मैठाणा और चमोली के पास चार जगहों पर बाधित है। बीआरओ के कमांडेंट आर सुब्रह्मयण ने बताया कि रविवार तक अस्थाई रूप से वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकती है। डीएम विनोद कुमार सुमन ने बताया कि मार्ग का निरीक्षण होने के बाद इसे खोला जाएगा। गोपेश्वर चमोली मोटर मार्ग भी कोठियाल सैंण के पास बाधित होने के कारण आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

गंगोत्री हाईवे लाटा के पास आठ घंटे बंद रहा : शुक्रवार रात से हो रही तेज बारिश से आए मलबे से गंगोत्री हाईवे लाटा के पास आठ घंटे तक बाधित रहा। शुक्रवार देर रात को भटवाड़ी क्षेत्र में जमकर भारी बारिश हुई।

इसके कारण गंगोत्री हाईवे चार अलग -अलग स्थानों मल्ला, विशनपुर, कुमाल्टी, एवं नेताला के पास मलबा आने के कारण अवरुद्ध हुआ वहीं लाटा के पास करीब 20 मीटर सड़क कट जाने के कारण आठ घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। वहीं गंगोत्री हाईवे पर बेमुंडाखाल के पास मलबा आने से सात घंटे तक बंद रहा।

दिल्ली-यमुनोत्री मोटर मार्ग अवरुद्ध

बारिश से दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे और अगलाड-थत्यूड़ मोटर मार्ग शनिवार दोपहर से कई स्थानों पर अवरुद्ध हो गया है। दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे अगलाड पुल-नैनबाग के बीच तथा अगलाड-थत्यूड़ मोटर मार्ग बंदरकोट-बैरेजी के बीच बंद हो गया है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है।

केदारनाथ के लिए तीन दिन से नहीं उड़े हेलीकॉप्टर : केदारघाटी में लगातार मौसम खराब होने के कारण तीन दिनों से हेलीकॉप्टर सेवा नहीं चल सकी। शनिवार को भी केदारनाथ में बारिश जारी रही, जबकि गौरीकुंड से रामबाड़ा और केदारनाथ तक घना कोहरा रहा। इस कारण हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सके। मौसम खराब होने की स्थिति में हेलीकॉप्टर कंपनियां उड़ाने शुरू नहीं करवा सकी।

केदारनाथ की यात्रा में हेली सेवाएं देने वाली 6 हेलीकॉप्टर कंपनियां मानसून को देखते हुए दिल्ली लौट गई हैं। **जबकि पांच हेलीकॉप्टर कंपनियां अभी सेवाएं दे रही हैं। मौसम बार-बार खराब होने के कारण कम यात्री ही केदारनाथ जा पा रहे हैं।**

चमोली और मैठाणा में शनिवार को बदरीनाथ हाईवे की मरम्मत में जुटे कर्मचारी। ● हिन्दुस्तान

आपदा में जुटेगी हेलीकॉप्टर सेवा

प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत और बचाव अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए सरकार ने अहम फैसला लिया है। शनिवार को कैबिनेट बैठक में हेलीकॉप्टर सेवाओं को और मजबूत करने का निर्णय किया गया है। राहत और बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए आपदा प्रभावित क्षेत्र दो घंटे के भीतर हेलीकॉप्टर सेवा से जुड़ जाएगा। साथ ही सरकार ने बारिश की वजह से पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे हादसों को देखते हुए चार जुलाई से प्रस्तावित विधानसभा सत्र को टाल दिया है। कैबिनेट ने चार-पांच के बजाए 21 और 22 जुलाई को विधानसभा सत्र का आयोजन करने को मंजूरी दे दी।

टिहरी के दो गांवों में बादल फटा

नई टिहरी/उत्तरकाशी। उत्तराखंड में लगातार दूसरे दिन बारिश का कहर जारी है। टिहरी और उत्तरकाशी जिले के कई गांवों में शनिवार को बारिश ने भारी तबाही मचाई। नरेंद्रनगर क्षेत्र में शनिवार को बसर और मंजियाड़ी ग्राम पंचायत के गांव बादल फटने से भारी तबाही हुई है। जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ है, लेकिन दो घर मलबे में दब गए। कई हेक्टेयर खेती के साथ सिंचाई नहरें, पेयजल लाइनें, संपर्क मार्ग तबाह भी हो गए। घनसाली तहसील के धारगांव में भी कुछ घरों में मलबा घुसा। कई हेक्टेयर खेती बहने के साथ सिंचाई नहरें और पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

बादल फटने से नासा

घाटी में मौसम खराब होने की वजह से हेलीकॉप्टर सेवा भी बाधित

रधाम यात्रा ठप

रीनाथ हाईवे की मरम्मत में जुटे कर्मचारी। ● हिन्दुस्तान

सेवा

र बचाव अभियान को फैसला लिया है। सेवाओं को और राहत और बचाव कार्यों प्रभावित क्षेत्र दो घंटे साथ ही सरकार ने र बढ़ रहे हादसों को भा सत्र को टाल 1 और 22 जुलाई को जूरी दे दी।

टिहरी के दो गांवों में बादल फटा

नई टिहरी/उत्तरकाशी। उत्तराखंड में लगातार दूसरे दिन बारिश का कहर जारी है। टिहरी और उत्तरकाशी जिले के कई गांवों में शनिवार को बारिश ने भारी तबाही मचाई। नरेंद्रनगर क्षेत्र में शनिवार को बसर और मंजियाड़ी ग्राम पंचायत के गांव बादल फटने से भारी तबाही हुई है। जानमाल का नुकासान तो नहीं हुआ है, लेकिन दो घर मलबे में दब गए। कई हेक्टेयर खेती के साथ सिंचाई नहरें, पेयजल लाइनें, संपर्क मार्ग तबाह भी हो गए। घनसाली तहसील के धारगांव में भी कुछ घरों में मलबा घुसा। कई हेक्टेयर खेती बहने के साथ सिंचाई नहरें और पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

मसूरी में भारी बारिश

मसूरी। मसूरी में भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मसूरी-देहरादून मार्ग पर कोल्हू खेत के पास पहाड़ी दरकने से मार्ग बाधित होने के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक फंस गए। हालांकि, एक घंटे बाद मसूरी-दून मार्ग पर आवाजाही सुचारु हो सकी। जबकि कार्ट मैकंजी रोड पर नाग मंदिर के पास पेड़ गिरने से सड़क पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई।

सामूहिक अंत्येष्टि

कनालीछीना (पिथौरागढ़)। बेहद गमगीन माहौल में बस्तड़ी में आपदा में मारे गए सात लोगों की चर्मागाड़ में अंत्येष्टि की गई। इस दौरान अंतिम यात्रा में शामिल हुए क्षेत्र के हर एक की आंखें नम हो आई। शुक्रवार की सुबह आसमान से बरसी आफत में बस्तड़ी के सात लोगों की मौत हो गई थी। सभी की चर्मगाड़ में गमगीन माहौल में अंत्येष्टि की गई।

गंग नहर को बंद किया

हरिद्वार। गंगा के पानी में सिल्ट आने के कारण शनिवार को उत्तरी गंग और पूर्वी गंग नहर को बंद कर दिया गया है। इन दोनो नहरों का पानी नीलधारा में छोड़ दिया गया है। यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सिल्ट आने के कारण नहर चोक होने का खतरा रहता है। इसीलिए दोनों नहरों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। हरिद्वार से यूपी सिंचाई विभाग की दो नहरों से कई प्रदेशों के लिए सिंचाई का पानी मुहैया कराया जाता है।

मानसून ट्रैकर



बारिश का अलर्ट

03 जुलाई
हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में भारी बारिश

04 जुलाई
मध्य प्रदेश, बिहार, बंगाल, झारखंड, सिक्किम, असम, मेघालय में भारी बारिश

05 जुलाई
पूर्वी उत्तर, प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, केरल में भारी बारिश

06 जुलाई
पूर्वी यूपी, बिहार, कोंकण, गोवा, कर्नाटक, केरल में भारी बारिश हो सकती है।

कहां-कहां पहुंचा मानसून

- दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा हिमाचल और राजस्थान के बचे हुए हिस्से में पहुंच चुका है मानसून
- नॉर्दन लिमिट मानसून (एनएलएम) हिसार (हरियाणा), बठिंडा (पंजाब), बूंदी (राजस्थान) से गुजर रहा है।
- 03 और 04 जुलाई को पूर्वी राजस्थान, हरियाणा, पंजाब में भारी बारिश।

मुंबई में जमकर बारिश

मुंबई। शहर में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश हुई है और उपनगरीय ट्रेन सेवाएं अपने निर्धारित समय से 10-15 मिनट की देरी से चल रही हैं जबकि मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। पिछले 24 घंटे में कोलाबा में 60.8 मिलीमीटर जबकि सांताक्रूज में 77 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने साथ ही अगले 24 घंटे में मुंबई सहित पूरे कोंकण क्षेत्र में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान लगाया है।

बिहार में 29% कम बारिश

पटना। बिहार पहुंचकर कमजोर हो रहे मानसून के कारण राज्य के लोग सामान्य बारिश के लिए भी तरस गए हैं। दो जुलाई तक राज्य में सामान्य से 29 फीसदी कम बारिश होने का रिकॉर्ड मौसम विभाग के आंकड़ों में दर्ज हुआ है। दर्जनभर ऐसे जिले हैं, जहां 50 से 95 फीसदी तक कम बारिश हुई है। दो जुलाई के आंकड़ों के मुताबिक राज्य में 192.2 मिलीमीटर की जगह महज 136.2 मिमी बारिश ही हो सकी थी।

बादल फटने से नासा की नई मशीन रोकेगी

देहरादून | संतोष चमोली

उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाओं को रोकने के लिए मशीनी प्रयोग होने जा रहा है। नासा से जुड़े चार विदेशी वैज्ञानिक इस मशीन के साथ सोमवार को दून आ रहे हैं। वह मशीन के काम करने के तौर तरीके की जानकारी राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग को देंगे।

नासा के पूर्व वैज्ञानिकों की टीम से जुड़े इंजियोसर्व के सीईओ राघवेंद्र का कहना है कि यह मशीन बादलों को एक जगह एकत्रित होने से रोकती है। इस मशीन का इस्तेमाल अनधानी का कदा

बादल फटने के साथ ही बारिश नहीं होने पर बारिश की स्थिति भी पैदा की जा सकती है। उनका दावा है कि इससे बादल फटने की घटना को काफी हद तक रोका जा सकता है। भारत में अभी इस तकनीक का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। उत्तराखंड सरकार से अनुमति मिली तो इस बरसात में ही प्रयोग किया जाएगा।

ऐसे काम करती है मशीनः यह मशीन क्षेत्र विशेष में वहां आमतौर पर बादल फटने की घटनाओं को देखते हुए लगाई जाती है। बादलों के एक स्थान पर एकत्रित होने पर इसके बाद मशीन से वायुमंडल में विशेष

News item/letter/article/editorial published on 3.7.16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

कैला भट्टा नाले के लिए एसटीपी बनाएगा जल निगम

गाजियाबाद | सुनील पाण्डेय

नदी से नाला बनी हिंडन को बचाने के लिए पहल शुरू हो गई है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दबाव के बीच हिंडन में गिरने वाले नालों का पानी साफ करके डाला जाएगा। इसके लिए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाएंगे ताकि पानी को साफ करके नदी में डाला जाए। कैला ड्रेन के पानी की सफाई के लिए 100 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम से चार हेक्टेयर जमीन मांगी गई है।

एनजीटी ने हिंडन में गिरने वाले नालों का पानी साफ करके नदी में डालने को कहा है। इसके बाद जल निगम ने कैला भट्टा नाला को प्राथमिकता से लिया है। इसका पानी सीधे नदी में जाता है, जिससे नदी प्रदूषित हो रही है। इसके लिए 100 एमएलडी क्षमता का एसटीपी बनाया जाएगा। इसके अलावा छह जगहों पर पंपिंग सेट लगाए जाएंगे ताकि पानी एसटीपी तक पहुंच सके। साथ ही नाले की मरम्मत का काम भी होगा।

एसटीपी बनाने के लिए जल निगम को चार हेक्टेयर जमीन की जरूरत है। इसके लिए जल निगम ने नगर निगम को पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया है कि साईं उपवन के पास नगर निगम की जमीन है। इस जमीन को एसटीपी के लिए दे दिया जाए ताकि हिंडन में गिरने वाले पानी को साफ किया जा सके।

04 हेक्टेयर जमीन एसटीपी बनाने के लिए निगम से मांगी

06 से अधिक जगहों पर पंपिंग सेट लगाए जाएंगे

150 करोड़ रुपये खर्च करेगा जल निगम इस योजना पर

डीपीआर पर काम शुरू

जल निगम के अधिशासी अभियंता मोहम्मद ताहिर ने बताया कि डीपीआर पर काम शुरू हो गया है। इस प्रोजेक्ट पर करीब 150 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उम्मीद है कि नगर निगम से जमीन जल्द मिल जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसटीपी के बन जाने से कैला ड्रेन का पानी साफ होकर हिंडन में जा सकेगा। अधिशासी अभियंता ने उम्मीद जताई कि नगर निगम जल्द ही जमीन के लिए सहमति जता देगा।

मैला कर रहा है 105 फैक्टरियों का पानी

हिंडन को शहर के सीवर के साथ फैक्टरियों का पानी भी मैला कर रहा है। 105 इकाई हिंडन में अपना पानी डाल रही हैं। सात नालों का पानी हिंडन में जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का दावा है कि यह पानी गंदा नहीं है, लेकिन सच्चाई इसके अलग है। प्रशासन की लापरवाही का ही नतीजा है कि 105 फैक्टरियों का पानी इसी नदी में बिना साफ किए जाता है। फैक्टरियों में इस्तेमाल होने वाला रसायन नदी में जाता है और पानी को दूषित करता है। यही नहीं शहर के सात बड़े नाले भी इसी नदी में मिलते हैं।

ये नाले गिरते हैं हिंडन में

- हिंडन विहार ड्रेन (एनएच-58, हिंडन पुल के अपस्ट्रीम, राजनगर एक्सटेंशन मार्ग पर)
- लोनी रोड साइट-2 एवं करहेड़ा नाला (एनएच-58, हिंडन पुल के अपस्ट्रीम गांव करहेड़ा के दक्षिण दिशा में)
- मेरठ रोड एवं कैला भट्ठा नाला (एनएच-58 हिंडन पुल के डाउन स्ट्रीम, श्मशान घाट के नीचे)
- अर्थला/मोहन नगर नाला (हिंडन कट, बैराज के बाद)
- इंदिरापुरम नाला (एनएच-24 हिंडन पुल के अप स्ट्रीम)
- प्रताप विहार नाला (एनएच-24 हिंडन पुल के अप स्ट्रीम)
- विजय नगर नाला, बीएस रोड नाला (गांव बिसरख के नीचे)

04 सौ गांव बसे हैं हिंडन नदी के किनारे

07 हजार वर्ग किलो मीटर का हिंडन से प्रभावित क्षेत्र

20 वर्षों से प्रदूषण के चलते दम तोड़ रही है हिंडन नदी

260 किलोमीटर का सफर तय करती है हिंडन

News item/letter/article/editorial published on 2.7.16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi) ✓
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

राजस्थान में अमृत, तो उत्तराखंड में आफत बन कर बरसे बदरा

जयपुर सहित कई इलाकों में झमाझम

जयपुर @ पत्रिका 2-7-16
rajasthanpatrika.com

राजधानी सहित पूर्वी राजस्थान के कई इलाकों में शुक्रवार को सुबह से ही झमाझम बारिश हुई। तड़के 4 बजे शुरू हुआ बारिश का दौर 9 बजे तक जारी था। जयपुर में इस दौरान 42 मिमी (पौने दो इंच) पानी बरसा। इसके अलावा अलवर और झुंझुनूं में 8 और सीकर में 4 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर में 48 घंटों में मानसून की दस्तक संभव है, यह प्री मानसून बारिश थी।

10 डिग्री तक गिरा पारा

राजधानी जयपुर के अधिकतम तापमान में करीब 10 डिग्री की गिरावट आई। यह तापमान 33.9 डिग्री रहा। अजमेर में तापमान 35.8, पिलानी 37.8, कोटा 36, डबोक 34.6 डिग्री रहा।

बारिश को तरस रहे प्रदेश में प्री मानसून की बारिश जैसे अमृत बन कर बरसी। नदी नालों में पानी की आवक हुई। तपती गर्मी से लोगों को निजात मिली। वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड में बारिश आफत बन गई। बादल फटने 30 लोगों की मौत हो गई।

चमोली में बादल फटा, 30 की मौत

देहरादून @ पत्रिका
rajasthanpatrika.com

मानसून के दस्तक देते ही उत्तराखंड में भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन ने एक बार फिर तबाही मचा दी है। यहां के चमोली और पिथौरागढ़ जिलों सहित विभिन्न जगहों पर भारी बारिश और बादल फटने से मरने वाली की संख्या 30 पहुंच गई है। बारिश और भूस्खलन की वजह से दर्जनों घर जमींदोज हो गए हैं। अलकनंदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। चमोली से चार लोगों के शव और डीडीहाट से पांच लोगों के शव बरामद किए गए हैं। चमोली जिले के घाट क्षेत्र में बाढ़ की वजह से कई मकान बह गए हैं। सूबे में विभिन्न नदियों पर बने अस्थाई पुल बारिश की वजह से बह गए हैं और घरों के ढहने की वजह से कई लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है।

News item/letter/article/editorial published on 4.7.16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi) ✓
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
Aaj (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

आज का दिन 1827 में न्यूयॉर्क से दास प्रथा को समाप्त किया गया

बच्चों के स्कूल से सलामत आने

यूपी हो या बिहार या फिर झारखंड, यहां के सैकड़ों गांव ऐसे हैं जहां मां-बाप के लिए अपने बच्चे को स्कूल भेजना किसी मानसिक पीड़ा से कम नहीं। पड़ताल के दौरान 'हिन्दुस्तान' को कई ऐसे अभिभावक मिले जिन्होंने कहा, बच्चों के स्कूल से सलामत लौटने पर ही हमें चैन मिलता है। गांव और स्कूल के बीच नदी को पार करना हो तो कई बार पानी में उतरना पड़ जाता है। बांस के पुल हैं जिनका भरोसा नहीं कब चरमरा जाएं। मुरादाबाद के ग्रामीण इलाकों में तो छात्रों को स्कूल पहुंचने के लिए टायर ट्यूब से तैरकर जाना पड़ता है। कहीं, नाव सहारा है। यदि यह न मिली तो उस दिन स्कूल की छुट्टी। (हिटी)

04 मेगा मंडे

बरेली

बेटियों को पढ़ाई छोड़नी पड़ी

बरेली जिले में शेरगढ़ इलाके में धौरा नदी है। इस पर पुल न होने के कारण पहाड़पुर और अन्य गांवों के छात्र-छात्राओं को नाव से नदी पार करनी पड़ती है। बीच में जंगल पड़ता है। यहां आए दिन छेड़खानी के कारण कई बेटियां पढ़ाई छोड़ चुकी हैं। इसके बावजूद पुल नहीं बना।

वाराणसी

पानी बढ़ते ही पुल भी खत्म

सरायमोहाना के आसपास के बच्चे वरुणा नदी पर बांस-बल्लियों के पुल से होकर स्कूल जाते हैं। पुल से दो सौ मीटर की दूरी पर बसंत स्कूल है। वरुणा में पानी बढ़ते ही लकड़ी का पुल हटा दिया जाता है। तब नाव का ही सहारा रह जाता है।

उन्नाव

बच्चों की मौत से भी नहीं जागे

मियांगज ब्लॉक के बनौनी गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने के लिए टूटे पुल से होकर जाना पड़ता है। दो साल पहले मियांगज जा रहे छह बच्चों की इसी पुल से गिर जाने से मौत हो गई थी। इसके बावजूद निर्माण की किसी ने सुध नहीं ली।

उत्तर प्रदेश

गोण्डा में नाव ही बेटियों का सहारा

गोण्डा में नवाबगंज के मांझा राठ में तमाम छात्र-छात्राएं नौका से सोती नदी पार कर स्कूल जाते हैं। वहीं, जिले में सरयू और टेढ़ी नदी के बीच बसी करीब 20 हजार आबादी बारिश और बाढ़ के दिनों में मुसीबत से घिर जाती है।

मुरादाबाद

ट्यूब के सहारे नदी पार

भोजपुर के अहमदपुर और भोजपुर धर्मपुर आंगा के बीच में ढेला नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात में लकड़ी का पुल ग्रामीण खुद ही बनाते हैं। जब पानी पुल के ऊपर से गुजरता है तो बच्चे नाव या ट्यूब का सहारा लेकर नदी पार करते हैं।

बाराबंकी सफदरगंज क्षेत्र में दर्जनों गांवों के बच्चे लकड़ी के जर्जर पुल से स्कूल जाते हैं। 10 साल में सौ से अधिक लोग यहां जान गंवा चुके।

बिहार

संझौली का दर्द

सासाराम के संझौली प्रखंड की बाड़ी नहर पर ग्रामीणों द्वारा बांस से बनाए गए पुल से आने-जाने को मजबूर छोटे बच्चे।

लामत आने पर ही चैन पड़ता है

चे को स्कूल भेजना किसी मानसिक पीड़ा से कम नहीं। से सलामत लौटने पर ही हमें चैन मिलता है। गांव और स्कूल न भरोसा नहीं कब चरमरा जाएं। मुरादाबाद के ग्रामीण इलाकों है। यदि यह न मिली तो उस दिन स्कूल की छुट्टी। (हिटी)

उत्तर प्रदेश

गोण्डा में नाव ही बेटियों का सहारा

गोण्डा में नवाबगंज के मांझा राठ में तमाम छात्र-छात्राएं नौका से सोती नदी पार कर स्कूल जाते हैं। वहीं, जिले में सरयू और टेढ़ी नदी के बीच बसी करीब 20 हजार आबादी बारिश और बाढ़ के दिनों में मुसीबत से घिर जाती है।

खुद नाव खेकर जाते हैं छात्र

झारखंड के साहिबगंज में उधवा प्रखंड के बच्चे नाव के जरिए नदी पार कर स्कूल जाते हैं। कई बार खुद बच्चे ही नाविक की भूमिका में होते हैं। खुद नाव खेकर नदी पार करते हैं। बरसात के दिनों में हालात ज्यादा बिगड़ जाते हैं। कई बार उन्हें छुट्टियां करनी पड़ जाती हैं। कई बार पुल बनाने के लिए आवाज उठी मगर अभी तक सुनवाई नहीं हुई। इसके अलावा बेरमो के उच्च विद्यालय लावा लांग के विद्यार्थी प्रतिदिन खेतों की संकीर्ण पगडंडियों से होते हुए स्कूल जाते हैं। अभिभावकों को हमेशा डर बना रहता है। इस रास्ते में तालाब और कुआं भी है। कई बार इस स्कूल के बच्चे तालाब और खेत में गिरकर घायल भी हो चुके हैं। रास्ते में सांप और बिच्छू का भी डर भी बना रहता है।

झारखंड

जामताड़ा में नदी से निकलकर पढ़ने जाते हैं बच्चे

जामताड़ा के कुंडिहत प्रखंड के भेलुआ नदी घाट पर पुल नहीं होने के कारण प्रतिदिन स्कूली बच्चे और ग्रामीण यूं ही नदी पार कर आना-जाना करते हैं। बरसात के दिनों में परेशानी विकट हो जाती है। हालत यह हो जाती है कि स्कूली बच्चों को कई सप्ताह तक घर में रहना पड़ता है। इससे उनकी पढ़ाई बाधित हो जाती है।

सभी फोटो : हिन्दुस्तान

बरसात आते ही और ज्यादा खतरनाक हुए बांस के पुल

सासाराम के करगहर प्रखंड के बभन बरहेटा गांव को गोरेया नदी दो हिस्से में बांटती है। गांव में ही मध्य विद्यालय है, जहां 450 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं।

गांव बीचों-बीच नदी के गुजरने से गांव के बच्चे बांस की चचरी वाले पुल से स्कूल जाते हैं। बरसात आते ही ऐसे पुल और ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। इस पुल से गिरकर दो किसानों की मौत हो चुकी है। ऐसा ही हाल बेतिया, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर के इलाकों का है। बेतिया के मैनाटांड़ और मर्जदवा के बीच हरपतबेनी नदी पर बने चचरी पुल के सहारे सैकड़ों बच्चे स्कूल जाते हैं। मर्जदवा के दर्शन बताते हैं कि आजादी से अब तक स्थिति ऐसी ही है। मधुबनी में कोसी के बाबूबरही प्रखंड में करीब पांच हजार छात्र नाव व बांस के पुल से नदी पार करते हैं।

Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi) ✓
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz
and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में मानसून की दस्तक, यूपी, बिहार और झारखंड में जोरदार बरसात

दि- 4-7-16

झमाझम बारिश से कहीं राहत, कहीं आफत

मौसम

नई दिल्ली | हिटी

उत्तर भारत सहित देश के कई हिस्सों में मानसून पहुंच चुका है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार और झारखंड सहित अन्य राज्यों में पिछले 24 घंटे से बारिश का दौर जारी है। महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित क्षेत्र में झमाझम बारिश से अच्छी फसल को लेकर किसानों की उम्मीद जगी है।

मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून देश के उत्तरी हिस्सों में सक्रिय हो चुका है। राज्य के हरैया में 17 सेंटीमीटर, कालपी में 13, बिजनौर में 11, बस्ती में 10, चुनार में नौ, सफीपुर में आठ, गोंडा व सुल्तानपुर में सात सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

यूपी में जलस्तर बढ़ा : उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण यूपी में नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। शारदा नदी पलियाकलां में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि शारदानगर में इस नदी का जलस्तर लाल निशान के नजदीक पहुंच चुका है। हरिद्वार बैराज से एक लाख 461 क्यूसेक पानी छोड़ने से बुलंदशहर में गंगा का जलस्तर बढ़ गया है।

लखनऊ में रविवार को मानसूनी बादल मेहरबान हो गए। गोमतीनगर में दस मिनट जोरदार बारिश हुई। इसके अलावा शहर के कई अन्य हिस्सों में भी बौछारें पड़ीं। ● वीरेंद्र कुमार

सूखा प्रभावित इलाकों में खुशी

पुणे समेत पश्चिमी महाराष्ट्र के कई इलाकों में बारिश ने लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे किसानों को राहत दी है। जून में सूखे के कारण पुणे के 23 जलाशयों में पानी तेजी से घटा था जबकि 18 बांध पूरी तरह से सूख गए थे। प्रमुख जल स्रोत गंगापुर बांध में सिर्फ 931 एमसीएफटी या 17 फीसदी पानी बचा था। इस बांध की क्षमता 5,630 मिलियन क्युबिक फीट (एमसीएफटी) है।

कोल्हापुर में पंचगंगा नदी उफान पर

महाराष्ट्र में गगनबावड़ा, शाहूवाडी, राधानगरी, चांदगढ और अजारा तहसील सहित कोल्हापुर के पश्चिमी हिस्सों में लगातार हो रही बारिश से पंचगंगा नदी उफान पर है। लगातार बारिश से राजाराम, सर्वे, रूई, इचलकरांजी, तेरवाड, शिरोल, शिंगणापुर और कोगे इलाके में जलभराव की स्थिति है। क्षेत्र के अधिकतर गांवों का तहसील मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।

आपदा से बचाव का प्रशिक्षण

एनडीआरएफ ने पूरे देश में एक महीने के भीतर एक लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बोल के निरीक्षकों और प्रशिक्षकों ने 482 गांवों, कस्बों एवं शहरों में पहुंचकर एक से 30 जून तक लोगों को प्रशिक्षत किया। इसका मकसद लोगों को आपदाओं को लेकर संवेदनशील बनाना है।

बागमती नदी उफनाई

मुजफ्फरपुर में बागमती खतरनाक बनी हुई है। बेनीबाद जलस्तर खतरे के निशान से 3.08 मीटर ऊपर है। राहत वाली बात यह है कि बाकी जगहों पर बागमती के जलस्तर में कमी दर्ज की गई है। रविवार को वाल्मीकिनगर बैराज से 1,72,200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

कहां कितनी बारिश

सूरत	130
रांची	80
जयपुर	50
गोरखपुर	20
पटना	20

(बारिश मिलीमीटर)

News item/letter/article/editorial published on 4.7.16 in the

Hindustan Times	Nav Bharat Times (Hindi)	M.P.Chronicle
Statesman	Punjab Keshari (Hindi)	Aaj (Hindi)
The Times of India (N.D.)	The Hindu	Indian Nation
Indian Express	Rajasthan Patrika (Hindi)	Nai Duniya (Hindi)
Tribune	Deccan Chronicle	The Times of India (A)
Hindustan (Hindi) ✓	Deccan Herald	Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

हि-4-7-16

लापता लोग अभी तक नहीं मिले

उत्तराखंड में आपदा

गोपेश्वर | क्रांति भट्ट

आपदा में मारे गए लोगों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अभी भी कई लोग लापता हैं। उनकी तलाश के लिए एसडीआरएफ के 40 जवान तलाश कर रहे हैं। जाखणी झुला पुल के समीप छानी-झप्पर में 80 वर्षीय अब्बल दास अपने पुत्र बीरबल और पुत्रवधू राजेश्वरी के साथ रह रहे थे। अब्बल दास और राजेश्वरी शुक्रवार की सुबह हुई मूसलाधार बारिश और उससे आए मलबे में दब गए। एकमात्र जीवित बीरबल लाल बचे हैं। घाट में आपदा में अपने मकान में दबे 80 वर्षीय रामचंद्र और योगंबर का पता नहीं चल पा रहा है।

मलबे में दबे तीन और शव मिलेः पिथौरागढ़। बादल फटने की घटना के तीसरे दिन रविवार को भी पिथौरागढ़ में राहत कार्य चलाया गया। इस दौरान बस्तड़ी में लापता दो लोगों के शव मिले। नौलड़ा में मलबे से तीसरे शव को भी बरामद कर लिया। इसके साथ ही जिले में मारे गए लोगों की संख्या 14 हो गई है।

दो कैलास यात्रियों की तबियत बिगड़ी

कैलास मानसरोवर यात्रा कर रहे दो लोगों की तबियत एकाएक बिगड़ गई। इसमें दूसरे दल के साथ यात्रा कर लौट रहे भोपाल के प्रमोद ईश्वर निलांडे (39) को हेलीकाप्टर से हल्द्वानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौथे दल के साथ यात्रा पर जा रहे मयूर विहार फेज वन दिल्ली निवासी सीताराम वर्मा (63) को धारचूला के अस्पताल में भर्ती किया गया है। दोनों को सीने में दर्द की शिकायत है।

दूरसंचार सेवा ठप

भारत की सबसे बड़ी दूर संचार सेवा का दावा करने वाली बीएसएनएल सेवा भी जिले में 65 घंटे से अधिक समय से बाधित है, जिसके खुलने के अभी कोई आसार नहीं दिख रहे हैं।

सोनिया ने जानकारी ली

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने भी मुख्यमंत्री हरीश रावत और प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय से फोन पर आपदा की जानकारी ली।

बदरीनाथ हाईवे बंद होने के बाद मैठाणा में फंसे चारधाम यात्री सुरक्षित स्थान के लिए जाते हुए • हिन्दुस्तान

राष्ट्रपति दुखी

बादल फटने से उत्तराखंड को हुए नुकसान से मैं व्यथित हूं। उम्मीद है आपदा प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने और घायलों के उपचार के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे होंगे।

–डॉ. प्रणब मुखर्जी, राष्ट्रपति

सड़कें खोलने के लिए कुमाऊं में सात वैली और चार फोल्डिंग ब्रिज भेजे गए हैं। चार ट्रालियां वैकल्पिक यातायात के लिए उपलब्ध हैं। सड़कें खोलने के लिए राज्यभर में 356 मशीनें लगाई गई हैं।

– शैलेष बगोली, आपदा सचिव

कहां कितनी सड़कें बंद

जिला	सड़कें	जिला	सड़कें
चमोली	69	पिथौरागढ़	12
नैनीताल	18	अल्मोड़ा	12
चंपावत	14	उत्तरकाशी	07

News item/letter/article/editorial published on 4.7.16 in the

Hindustan Times	Nav Bharat Times (Hindi)	M.P.Chronicle
Statesman	Punjab Keshari (Hindi)	A a j (Hindi)
The Times of India (N.D.)	The Hindu	Indian Nation
Indian Express	Rajasthan Patrika (Hindi)	Nai Duniya (Hindi)
Tribune	Deccan Chronicle	The Times of India (A)
Hindustan (Hindi) ✓	Deccan Herald	Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

लाल बहादुर शास्त्री की तरह तैरकर स्कूल जाते हैं हजारों बच्चे

हि-4-7-16

विशेष

लखनऊ/पटना/रांची | हिटी

वर्ष 1915-16 के दौरान देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री गंगा नदी में तैरकर स्कूल जाते थे। सौ साल बीत गए, वक्त बदल गया पर अब भी हजारों बच्चे नदी-नालों को पार कर स्कूल जाने को अभिशप्त हैं। इसमें खुद लाल बहादुर शास्त्री का जिला भी शामिल है।

'हिन्दुस्तान' ने यूपी, बिहार, झारखंड में पड़ताल की। इसमें सैकड़ों ऐसे गांव मिले जहां छात्र 21वीं सदी में भी नदी में तैरकर, बांस के बने पुल से, रस्सी के सहारे या नाव से स्कूल जाने को मजबूर हैं। यूपी के कम से कम 17 जबकि बिहार-झारखंड के 20-20 जिलों के गांवों में ऐसे हाल हैं। यह स्थिति तब है जब शिक्षा के अधिकार कानून को लागू हुए छह साल हो गए हैं।

> सलामत लौटने पर चैन पेज 12

रामपुर में सदर तहसील क्षेत्र के पसियापुरा गांव के छात्रों को स्कूल तक इस तरह कोसी नदी को पार कर जाना पड़ता है। ● हिन्दुस्तान

ये आंकड़े दुखी करते हैं

29 फीसदी छात्र कक्षा 4 से पहले स्कूल छोड़ देते हैं

43 फीसदी बच्चे हाईस्कूल करने से पहले पढ़ाई बंद कर देते हैं

● देश में लगभग 14 लाख स्कूल हैं जबकि 77 लाख शिक्षक हैं

दो उदाहरण से दर्द समझें

1. उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के म्याऊ ब्लॉक के गांव सिमरिया देंदू में बच्चे रामगंगा नदी पार करके स्कूल जाते हैं। कटान की वजह से अब स्कूल भी एकदम नदी किनारे पहुंच चुका है।

